सार-समाचार

सिंघवी ने निर्माण कार्यों का जायजा लिया

छबड़ा। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने नागेश्वर पहाडी पर वन विभाग द्वारा लवकुश वाटिका के तहत लगभग एक करोड़ की राशि के कराए गए निर्माण कार्यो का निरीक्षण लिया। साथ ही नागेश्वर मंदिर समिति की वर्षो से चली आ रही मांग पर नगर पालिका द्वारा लगाई गई हाईमास्क लाईट का जायजा किया। विधायक सिंघवी ने बताया कि लवकुश वाटिका के अंतर्गत इस वर्ष नागेश्वर पहाडी पर 50 लाख रुपये का नया निर्माण कार्य विभाग द्वारा करवाया जाएगा, जिसकी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जल्द ही विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर नए निर्माण कार्य प्रारंभ करवा दिये जायेंगे। जिससे नागेश्वर पहाडी की सुंदरता और अधिक बढेगी तथा श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सकेगी। सिंघवी ने भीलवाड़ानीचा गांव पहुंचकर गत दिनो सड़क दुर्घटना में मृतक चचेरे भाई मुकेश मीणा, सूरज मीणा के आवास पर पहुंच शोक व्यक्त किया और प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर पीडित परिवारो को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वही, पूर्व नगर अध्यक्ष शंकरलाल सुमन एवं मनोज सुमन के चाचा रामकल्याण सुमन के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता भी साथ थे।

भाजपा कार्यालय पर बैठक आयोजित

छबड़ा। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी एवं प्रदेश प्रतिनिधि हिम्मतसिंह सिंघवी के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। यहां हर घर पर तिरंगा लहराने के लिए चर्चा की गई।तिरंगा यात्रा प्रभारी ब्रम्हानंद शर्मा, ओम सुमन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश हाड़ा एवं महिला मोर्चा जिला महामंत्री किरण भार्गव ने बताया कि प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार प्रत्येक बूथ पर घर घर जाकर तिरंगा वितरण करना एवं तिरंगा फहराने का कार्य प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को अपने बूथ पर करना है। विधायक सिंघवी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व, सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से आपरेशन सिन्दूर पूर्णत: सफल रहा। यह मोदीजी के नेतृत्व में नया समृद्धशाली, शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है, सभी को इस पर गर्व है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तिरंगा यात्रा एक महत्वपूर्ण पहल है जो राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में मदद करती है, साथ ही नागरिकों को राष्ट्रीय गौरव और एकता के सूत्र में बांधती है। यहां नगर मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र सुमन, बापचा मण्डल अध्यक्ष हेमराज लोधा, पंचायत समिति प्रधान हरिओम नागर, छीपाबडौद प्रधान नरेश मीणा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

शिक्षकों को थमाए नोटिस

छबड़ा। एसीबीईओ जगदीश प्रसाद नागर ने सोमवार सुबह आधा दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण किया, जिसमें उच्च माध्यमिक विद्यालय निपानिया में 5 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय मोरेली पठार में तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए मिले, उच्च प्राथमिक विद्यालय बालापुरा डांग में दो अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर पाए गए। ब्लॉक के प्रथम दौरे में ही समय की अव्यवस्थाओ को लेकर नागर द्वारा चिन्ता प्रकट करते हुए शिक्षकों की लेट लतीफी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित शिक्षकों को नोटिस प्रदान किए गए एवं समस्त पीईईओ को संदेश देकर कहा कि कर्मचारियों को समय पर स्कूल आने के लिए पाबंद करें।नागर नें कड़ाई से निर्देश प्रदान कर कहा कि आगामी दौरे पर अनुपस्थित मिले तो कर्मचारियों के साथ संबंधित पीईईओ के विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।निरीक्षण के बाद एसीबीईओ नागर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। यहां प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गालव, सीबीईओ कार्यालय से अबरार अहमद, मोहम्मद अहमद एवं विद्यालय के कर्मचारी साथ रहे।

शिक्षक पर शराब पीकर आने का आरोप

छबड़ा। विद्यालय में शिक्षक ही अगर शराब पीकर सो जाये और बच्चो के साथ मारपीट करे तो ऐसे में बच्चों का भविष्य कैसे संवरेगा। ऐसा ही वाक्या प्राथमिक स्कूल जाला में सामने आया। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अध्यापक के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की।लड्डूलाल, राकेश मीणा, सरदारसिंह लोधा, घनश्याम, सुरेंद्र, भरतसिंह, मुकेश, रामभरोस, हरिभजन आदि ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि प्राथनिक विद्यालय जाला में कार्यरत अध्यापक सुरेन्द्र पाल सहरिया दिन में ही स्कूल समय में शराब पी लेता है तथा बच्चों को पढ़ाने की बजय सो जाता है ओर बच्चो को एक कमरे में बंद कर मारपीट करने व आग लगाने की धमकी देता है। पोषाहार सामठी व मरम्मत के लिए रखा हुआ सीमेंट तक बाजार मे बैच दिया। ठ्ठामीणों द्वारा इसका विरोध करने पर गाली गलौच की ओर आत्महत्या की धमकी दी। इस मामले की ठ्ठामीणों के पास वीडियो उपलब्ध है।

ठेका न देने की मांग दिया ज्ञापन

नैनवा। दुगारी चारागाह विकास समिति ने चारागाह प्लांटेशन भूमि को प्रशासन द्वारा ठेकेदारो को ठेका न देने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्राम दुगारी पंचायत में करीब 1720 बीघा चारागाह भूमि व प्लान्टेशन भूमि है जिसे भू-जल संरक्षण एवं चारागाह विकास समिति द्वारा प्लान्टेशन का काम जलग्रहण विभाग द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना में 11000-12000 फलदार पोधे (एप्पल बेर मोसमी अनार व अमरूद) लगाये गये थें बाकी चारागाह भूमि की देखरेख चारागाह विकास समिति कर रही है। किन्तु अभी चारागाह विकास समिति दुगारी के पदाधिकारियो एवं ग्रामवासियों को यह पता चला है कि वर्तमान प्रशासन मनमानी करके मनपंसद ठेकेदार को ठेका देकर ग्राम पंचायत दुगारी की चारागाह भूमि विकास समिति के पदाधिकारी की उपेक्षा कर अन्य ठेकेदार को ठेका देना चाहते है यदि ऐसा किया गया तो ग्राम पंचायत दुगारी की चारागाह भूमि के संबंध में चारागाह विकास समिति जो जिला कलेक्टर महोदय द्वारा बनाई गई है उसकी उपेक्षा होगी। इसलिए उक्त चारागाह भूमि व प्लान्टेशन को अन्य ठेकेदार को ठेके पर नहीं देकर वर्तमान विभाग के अधीन ही संचालित रखा जावें।अत:प्लानटेशन के नाम पर किसी अन्य ठेकेदार को ठेका देने से रोका जावें ।इस अवसर पर अध्यक्ष मनराज मीणा सहित कई ठ्ठामीण व विकास समिति के सदस्य मौजूद रहे।

गिव अप अभियान में प्रगति बढ़ाएं : जिला कलक्टर

बूंदी। जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में जिला कलक्टर कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने भू-राजस्व अधिनियम से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने राजस्व मामलों के निस्तारण में लगने वाले समय को कम करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों (राजस्व अधिकारी) और तहसीलदारों को आपसी समन्वय स्थापित कर आंकड़ों में सुधार लाने और इजराय पालना की नियमित रिपोर्ट भेजने के लिए कहा। पत्थरगढ़ी के प्रकरणों में आदेशानुसार कार्यवाही करने और संबंधित पटवारियों को मौके पर जाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

■ राजस्व अधिकारियों की बैठक हुई सम्पन्न

बूंदी में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में जिला कलक्टर कक्ष में आयोजित हुई।

उन्होंने पेंशन के लंबित प्रकरणों, ई-केवाईसी, भौतिक सत्यापन और सीमा ज्ञान के प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत संचालित गिव-अप अभियान में प्रगति बढ़ावें साथ ही अपात्र लोगों को नोटिस जारी किए जाएं व पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाने पर भी जोर दिया जाएं। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को भी प्राथमिकता से निस्तारित करने के लिए कहा।

बैठक में एलआर एक्ट के तहत विचाराधीन मामलों और वसूली के प्रकरणों की समीक्षा की गई। उन्होंने अवैध खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस कार्य में पुलिस, खनन, वन और परिवहन विभागों को बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने के लिए कहा गया।

जिला कलक्टर ने एससी और एसटी की भूमि पर अवैध हस्तांतरण के मामलों का भी प्राथमिकता से निपटारा करने के निर्देश दिए। राजस्व अधिकारियों को गैर खातेदारी से खातेदारी और धारा 251ए व 183 बी के तहत आने वाले प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित क्षेत्र के पटवारियों के साथ बैठक कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने और राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। सीएमओ, संपर्क पोर्टल, स्टार प्रकरण और लोकायुक्त सचिवालय से प्राप्त पत्रों का समय पर निस्तारण करने और ऑनलाइन म्यूटेशन के प्रकरणों का जल्द निपटारा करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने गैर खातेदारी से खातेदारी, नामांतरण, सीमाज्ञान, नाम शुद्धिकरण, रास्ते संबंधी, राजस्व वसूली, फौजदारी प्रकरण, इजराय, सीलिंग प्रकरण और भूमि रूपांतरण के प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, उपखंड अधिकारी बूंदी लक्ष्मीकांत मीणा, उपखंड अधिकारी नैनवां प्रीति मीणा, उपखण्ड अधिकारी तालेड़ा मनस्वी नरेश, उपखंड अधिकारी हिंडोली शिवराज मीणा, सीएमएचओ डॉ. ओपी सामर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गीता भवन में होंगे आकर्षक झांकियों के दर्शन

कोटा (निसं)। गीता भवन कोटा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी जोर-जोर से चल रही है। यहां आकर्षक झांकियों का निर्माण किया जा रहा है। गीता भवन अध्यक्ष गोवर्धन खंडेलवाल ने बताया कि संस्था की ओर से प्रतिवर्ष नवाचार किए जाते हैं। इस बार 12 फीट लंबी पूतना का वध करते श्रीकृष्ण की झांकी सजाई जा रही है। पूतना के हाथ-पैर छटपटाते हुए दिखाई देंगे और गरदन घूमते हुए नजर आएगी। श्रीकृष्ण के स्तनपान करते हुए और पूतना के जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सुनाई देगी। इसे कोटा के कलाकार लक्ष्मण सिंह सोनू ने तैयार किया है।

पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

कोटा, (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी ने बताया कि कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विज्ञान नगर, श्रीनाथपुरम और आसपास के इलाकों में चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। इसी मुद्दे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण व कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पवर युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव पार्षद अनुराग गौतम ने कहा कि "श्रीनाथपुरम में हुई हालिया लूट के प्रयास की घटना ने कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी हैं। अब दिनदहाड़े बदमाशों का आमजन को निशाना बनाना असहनीय है।" ज्ञापन में मांग की गई कि क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी लगाए जाएँ, संदिग्ध व्यक्तियों पर सघन तलाशी अभियान चलाया जाए, हालिया घटनाओं के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

पुलिस अधीक्षक तेजस्वी गौतम से मुलाकात के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल 'जोन्टी' ने कहा कि "जनता में भय और असुरक्षा की भावना तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में पुलिस को तत्काल और कड़े कदम उठाने होंगे। यदि अपराधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता और क्षेत्र की जनता सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।" वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि अपराध नियंत्रण के लिए अतिरिक्त गश्ती दल तैनात किए जाएंगे, संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाने की प्रक्रिया तेज होगी और हालिया घटनाओं के दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद त्रिपाठी, पार्षद कपिल शर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रेम लाहौरिया, जिला सचिव राहुल पुरस्वानी, ब्लॉक उपाध्यक्ष अमित दाधीच, मंडल अध्यक्ष शहजाद खान, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल पाठक, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज चीलवाल सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गर्भवती महिलाओं को सुपोषित मां अभियान के किट का वितरण

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के नेतृत्व में सांगोद विधानसभा क्षेत्र में चलाए सुपोषित मां अभियान के तहत सोमवार को कनवास भाजपा मण्डल के विभिन्न ग्राम पंचायतों में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से अभियान संचालित किया जा रहा है।

मण्डल अध्यक्ष सत्यवान नागर ने बताया कि ग्राम पंचायत कनवास एवं हिंगोनिया में अटल सेवा केंद्र, कनवास, ग्राम पंचायत-बास्याहेड़ी में ग्राम पंचायत भवन, बास्याहेड़ी पर तथा ग्राम पंचायत -दांता एवं धुलेट में ग्राम पंचायत भवन, धुलेट पर किट का वितरण किया गया। इसके आलावा ग्राम पंचायत लोढ़ाहेड़ा एवं मामोर में ग्राम पंचायत भवन, लोढ़ाहेड़ा पर किट दिए गए। अभियान के तहत् सांगोद विधानसभा की पंजीकृत 1500 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट का वितरण किए जा रहे हैं। किट में गेहूं, मक्का, बाजरे का आटा, मल्टीग्रेन दलिया, चावल, सोया बड़ी, मूंग छिलका, उड़द दाल, चना दाल, मूंग दाल मोगर, गुड़, मूंगफली दाना, भुना चना, पिंड खजूर, मूंग के लड्डू, मूंगफली तेल, आंवला कैंडी रखी गई है।

■ ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के नेतृत्व में सांगोद विधानसभा क्षेत्र में चलाए सुपोषित मां अभियान के तहत सोमवार को कनवास भाजपा मण्डल के विभिन्न ग्राम पंचायतों में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए गए

यह पोषण किट गर्भवती महिलाओं को 10 महीने तक हर महीने दिया जाएगा। इस अवसर पर सत्यवान नागर, कौशल सोनी, हरिमोहन शर्मा, महेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश नागर, दुर्गाशंकर सुमन, राहुल चौधरी, धनराज योगी, मनोज शर्मा, दीनदयाल बैरवा, रामचरण मेघवाल, रामकल्याण बंजारा सरपंच, मदनलाल मेहता, योगेश नागर, नरोत्तम शर्मा पूर्व सरपंच, हेमराज चौहान, कैलाश राठौर, रमेश माहेश्वरी सरपंच, मदन बंजारा, हनुमान गुर्जर, नरेंद्र नागर, दिलीप गौतम, राकेश नागर, सुमित चौहान, अर्जुन आबिद, संजय नथिया, दीपक मेहता, राकेश शर्मा, रवि मेहता, पीके प्रदीप मीणा, ईश्वर सेन समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुत्र ने जन्मदिन पर लिया देहदान संकल्प

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी निवासी पंकज राजवंशी (टैक्स कंसलटेंट) ने शुक्रवार अपने 59वें जन्म दिवस पर शाईन इंडिया फाउंडेशन के साथ देहदान का संकल्प लिया। वर्ष 2019 में संस्था साइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से ही पंकज के पिताजी स्व.जगदीश प्रसाद अग्रवाल का देहदान का कार्य कोटा मेडिकल कॉलेज में संपन्न हुआ था। पिता के देहांत से ही प्रेरित होकर, पंकज ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर, शाईन इंडिया फाउंडेशन के डॉ. कुलवंत गौड़ को घर बुलाकर, अपनी पत्नी नीना मित्तल, पुत्र ऋतिक व देव अग्रवाल, से सहमति लेकर अपना देहदान का संकल्प पत्र भरा। देहदान संकल्प लेते हुए पंकज ने कहा कि, मृत्यु के बाद शरीर को जलाने दफनाने से कहीं बेहतर है कि, वह मृत शरीर, भावी चिकित्सकों के अध्ययन के लिए काम आ जाऐं।

सार-समाचार

कर्मयोगी सेवा संस्थान पर स्थापित की 7 फीट की भारत माता की प्रतिमा

कोटा, (निसं)। कर्मयोगी सेवा संस्थान के नयापुरा रोड़वेज बस स्टैंड के कॉर्नर और रिवर फ्रंट के प्रवेश द्वार के करीब स्थित मुख्यालय 'भारत भवन' के प्रथम तल पर भारतमाता की प्रतिमा की स्थापना की गई है। संस्थापक राजाराम जैन कर्मयोगी रावण सरकार ने बताया कि प्रतिमा को अलवर के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया है। इसे 5 टन वजनी पत्थर को तराश कर बनाया गया है। 7 फीट ऊंची और 4 फुट चौड़ी प्रतिमा की मोटाई 2 फुट है। प्रतिमा के अलवर से कोटा पहुंचने पर हैवी क्रेन से उठाकर स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि दो शेरों के साथ एक हाथ में राष्ट्रीय ध्वज व एक हाथ में कोहिनूर लिए भारतमाता की देश की पहली प्रतिमा है। जो 'अब बनेगा भारत कोहिनूर' का संदेश देते हुए प्रतीत हो रही है। भारतमाता के साथ ही भारत रत्न मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम, भारत रत्न स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर, भारत रत्न समाजसेविका मदर टेरेसा, खेल जगत के भगवान भारतरत्न सचिन तेंदुलकर की 18 इंची लगभग 50 किलोग्राम वजनी 4 प्रतिमाएं भी स्थापित की जा रही हैं। प्रतिमाओं का अनावरण 15 अगस्त की पूर्व संध्या 14 अगस्त को शाम 5.30 बजे होगा। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री शांति कुमार धारीवाल होंगे। अति-विशिष्ट अतिथि श्री मौजी बाबा पावन धाम आश्रम की महामंडलेश्वर डॉ.हेमा सरस्वती महाराज, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अग्रवाल समाज राजस्थान समाजसेवी गोविंद नारायण अग्रवाल होंगे। कर्मयोगी कर्मयोगी ने बताया कि भारत भवन पर जनमानस की आस्था के केंद्र देवी-देवता, भगवान के साथ ही देश की आजादी के लिए जान गंवाने वाले क्रांतिवीरों, खेल व कला साहित्य के क्षेत्र में देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी, कलाकारों व वर्तमान में राजनीति में रहते हुए देशहित में कार्य कर रही हस्तियों की विभिन्न आकार की 48 प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। सभी प्रतिमाएं अलवर के कारीगरों द्वारा तैयार की जा रही हैं। जिनमें से 36 प्रतिमाएं कोटा भारतमाता भवन पर पहुंच चुकी हैं। इनमें से पांच प्रतिमाओं का अनावरण स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को किया जा रहा है। शेष प्रतिमाओं का अनावरण 26 जनवरी को भव्य आयोजन के साथ किया जाएगा।

हरियाला कोटा अभियान का आगाज

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा द्वारा वर्ष पर्यन्त चलाए जा रहे प्लांटेशन ड्राइव कार्यक्रम हरियाला कोटा के तहत सोमवार को अनंतपुरा स्थित लव-कुश वाटिका में 121 पौधों का रोपण किया गया। जिसमे नीम, आम, गुलमोहर, बिल्व, अमलताश आदि भिन्न-भिन्न औषधीय, फलदार एवं छायादार प्रजाति के पौधे लगाए गऐं। अध्यक्ष मनोज सोनी ने बताया कि प्लांटेशन का कार्यक्रम वर्षपर्यंत चलता रहेगा और समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया जाएगा। सचिव नीरज अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम की चीफ गेस्ट ग्रीन आर्मी की चेयरपर्सन मंजू जैन रही। जिन्होंने क्लब के इस प्रोजेक्ट की सराहना की और वर्षपर्यंत इन पौधों की देखरेख करने का आश्वासन दिया। कोषाध्यक्ष उमेश गोयल ने बताया कि इस पौधारोपण कार्यक्रम में क्लब के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज न्याति, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद जैन, गोपाल मोहन शर्मा, नीरज जैन, नितिन जैन, नितिन अग्रवाल, डीके डक, दिनेश जेठवानी, डॉ.नीरल बरथुनीआ, शशांक मित्तल, मुकेश चौधरी, अनिल गोयल, दीपक भार्गव आदि सदस्य मौजूद रहे। प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम में रजनीश मोहता, राहुल जैन, समीर सूद का विशेष सहयोग रहा।

बच्चों ने वेस्ट थीम पर बनाए क्रिएटिव पेपर बैग

कोटा, (निसं)। जेसीआई कोटा स्टार के जूनियर जैसी के बच्चों ने वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट थीम पर क्रिएटिव पेपर बेग बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों ने घर की बेकार वस्तुओं का उपयोग कर आकर्षक और उपयोगी पेपर बैग तैयार किए। जिससे पॉलीथिन के स्थान पर ईको-फ्रेंडली विकल्प अपनाने का संदेश दिया गया। आयोजित प्रतियोगिता में नव्या बंसल ने प्रथम व अध्विक गर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में व्याख्या खंडेलवाल, वर्णिका खंडेलवाल, अरायना जैन, नव्या जैन, गौरांशी गोयल, वृंदा बजाज, सम्यक जैन, परम जैन, अध्विक गर्ग, अध्यांश गोयल सहित अन्य बच्चों ने भी अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। बच्चों ने इस अवसर पर पॉलीथिन का उपयोग न करने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने और रिसाईक्लिंग को बढ़ावा देने की शपथ भी ली। तनुज खंडेलवाल और चेयरपर्सन ऋतु खंडेलवाल ने कहा कि बच्चों की सृजनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता देखकर हमें गर्व महसूस हो रहा है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स मनीष दीप्ति गुप्ता, नकुल नीलम सोनी, मुकेश भूमिका गुप्ता, अंकुश हीना सिंघवी ने कहा कि बच्चों ने जिस तरह घर के कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाईं और पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया, वह वास्तव में प्रेरणादायक है।

ग्लोबल कॉन्वेन्ट स्कूल में इन्वेस्चर सैरेमनी का आयोजन

कोटा, (निसं)। ग्लोबल कॉन्वेंट स्कूल, राजानगर में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय मे विभिन्न पदाधिकारियों का चयन एवं शपथ-ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित विद्यार्थियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। चयनित छात्र-छात्राओं को विद्यालय निदेशक श्री समीर मोहम्मद द्वारा बैच व सेशे प्रदान किये गये।

हेड बॉय के रूप में छात्र हस्नेन मोहम्मद (कक्षा-8) हेड गर्ल के रूप में छात्रा लक्षिता मोदी (कक्षा-8) अनुशासन प्रभारी के रूप में छात्र आहिल रजा, साफिया, नेकी नाज एवं आयशा को अलंकृत प्रदान किया गया इसी श्रृंखला में खेलकूद प्रभारी के रूप में छात्र सारिम, आतिफ खान सांस्कृतिक प्रभारी के रूप में छात्रा आलिया शेख को चुना गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को विकसित करने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।

नाम परिवर्तन

मैं राजपति, माता सेन्य नं. 15686730-डब्ल्यू हवलदार धर्मेन्द्र कुमार पाल, निवासी ग्राम मीरापुर, पोस्ट रोकैयपुर, तह-कुण्डा, जिला प्रतापगढ (यूपी) पिन कोर्ड 230141 ने मेरा नाम राजपति देवी पाल (जन्म तिथि 01 जुलाई 1961) से बदलकर राजपति (जन्म तिथि 01 जनवरी 1956) कर दिया हे। भविष्य में मुझे राजपति (जन्म तिथि 01 जनवरी 1956) के नाम से जाना और पहचाना जाना चाहिए। Vide affidavit No. CD 921764

मैं, सेन्य संख्या 15686730-डब्ल्यू हवलदार धर्मेन्द्र कुमार पाल, निवासी ग्राम मीरापुर, पोस्ट रोकैयपुर, तह-कुण्डा, जिला प्रलुपगढ (उत्तर प्रदेश) पिन कोड 230141 मैंने मेरी बेटी का नाम दिव्यांशी सिंह धनगर से बदलकर दिव्यांशी सिंह पाल कर दिया है। भविष्य में उसे केवल दिव्यांशी सिंह पाल के नाम से ही जाना और पहचाना जाए। Vide affidavit No. CD 921763

पश्चिम मध्य रेल

निविदा सूचना सिगनल एवं दूर संचार विभाग
टेन्डर स.- KOTA/SNT/SIG/2025/24
शुद्धि पत्र दिनांक: 11.07.2025

निविदा सूचना संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/24 की शुद्धि पत्र जो निविदा संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/24 को दिनांक 11/07/2025 के अन्तर्गत आमंत्रित किया गया था। अब प्रशासनिक कारणों से इनके खुलने की तिथि मे परिवर्तन किया गया है, जो इस प्रकार है:-टेन्डर सं. कोटा/एसएण्डटी/सिग/2025/24, कार्य का नाम : एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन विथ यार्ड रिमोडलिंग एट सालपुरा यार्ड ऑफ कोटा डिवीजन, पुरानी तारीख एवं समय: दिनांक 08.08.2025 को 15:00 बजे तक, परिवर्तित तारीख एवं समय: दिनांक 18.08.25 को 15.00 बजे तक

(हस्ता)
वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्कूल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बूंदी। शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने राउमावि हिंडोली विद्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत 29 में से 23 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए, जिससे विशेषाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई। निरीक्षण के समय अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम बुद्धाराम सहित अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

■ निरीक्षण के दौरान 29 में से 23 कार्मिक अनुपस्थित मिले, विशेषाधिकारी ने जताई नाराजगी

शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी का रा.उ.मा.वि. हिंडोली में औचक निरीक्षण किया।

विशेषाधिकारी गुप्ता ने अनुपस्थित कर्मचारियों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए संबंधितों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन आहरित नहीं करने के आदेश भी दिए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अनुशासन और उपस्थिति सुनिश्चित करना शिक्षा की गुणवत्ता के लिए अनिवार्य है। ऐसे मामलों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस निरीक्षण से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है और यह संदेश स्पष्ट हो गया है कि शैक्षिणक संस्थानों में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अब कड़े कदम उठाए जाएंगे।

अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन

नैनवा। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर जेठाल माताजी मंदिर प्रांगण, जजावर में एकदिवसीय अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें दिनभर चले इस विशेष आयोजन में कार्यकर्ताओं ने मानसिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा शारीरिक खेलकूद के माध्यम से उत्साहपूर्ण सहभागिता की। कार्यक्रम में अखण्ड भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता बजरंग दल कोटा विभाग सहसंयोजक लक्की चोपड़ा रहे।

जिन्होंने युवाओं को ओजस्वी उद्बोधन देते हुए कहा कि हमारे भारत को मुगलों और अठोजों के द्वारा खंडित किया गया। देश टुकड़े किए गए। विहिप ,बजरंगदल सभी हिंदू समाज को संकल्प करवाता हे कि भारत पुन: अखंड होगा और अखंड भारत के इतिहास, महत्व एवं संकल्प के प्रति जागरूक किया। और उपस्थित सभी को अखंड भारत के लिए संकल्प दिलाया।इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री संजय नागर ने संगठन में कार्य करने की रणनीतियों एवं योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया, जबकि जिला विद्यार्थी प्रमुख शेखर व्यास ने युवाओं को बजरंग दल में बढ़-चढ़कर कार्य करने का आ ान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और अखंड भारत के निर्माण के लिए अपने समर्पण का संकल्प दोहराया।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas FINANCIERS LTD SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर